

## एक नजर में

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का व्यापक निरीक्षण



**पड़ाना 17 नवंबर, सं.** मतदाता सूची के सत्यापन कार्य को गति देने और उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम रोहित बहमोर ने आज सोमवार सारंगपुर तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मऊ पड़ाना औचक निरीक्षण किया. एसडीएम ने गांव की गलियों और मोहल्लों में पैदल भ्रमण कर घर-घर पहुंचकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे सत्यापन कार्य का प्रत्यक्ष परीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे पहले बीएलओ से अब तक किए गए कार्य, लंबित प्रकरणों और फॉर्म की स्थिति की विस्तार से जानकारी लेकर आज दिनांक को 300 तक का गणना पत्रक जमा करने का टारगेट दिया. उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक अभियान की जानकारी पहुँचे.

### बिजली बिल भुगतान के वॉट्सएप से

**राजगढ़ 17 नवम्बर, का.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि वॉट्सएप चैटबॉट से बिल डाउनलोड एवं बिल भुगतान सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं. इसके लिए उपभोक्ता को कहीं भी जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि वे अपने मोबाइल के माध्यम से बिजली बिल डाउनलोड एवं भुगतान सहित अन्य 10 सेवाओं का फायदा उठा सकते हैं. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि चैटबॉट नंबर 0755 2551222 पर हाय लिखते हैं तो तुरंत आपके सामने क्रमशः 10 अलग-अलग सुविधाओं की सूची आ जाएगी. यदि आपको अपने घर का बिजली बिल भरना है तो इसमें 2 नंबर पर 'फॉर बिल' का ऑप्शन दिखता है. मैसेज बॉक्स में जैसे ही आप 2 लिखते ही आपको 1 नंबर 'फॉर व्यू एंड पे एलटी बिल' का ऑप्शन सहित तीन अन्य ऑप्शन भी दिखेंगें. जब आप अपने बिल के लिए 1 नंबर लिखेंगे तो दो ऑप्शन आएंगे। इसमें 1 नंबर पर 'टू यूज मोबाइल नंबर' और 2 नंबर पर 'फॉर इंटर कस्टूमर आईडी. इसमें आप अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के लिए जैसे ही 'टू यूज मोबाइल नंबर' के लिए 1 नंबर लिखेंगे तो आपके कनेक्शन नंबर दिखेंगे. इसमें जिस नंबर का बिल आपको चाहिए वह नंबर जैसे ही लिखेंगे तो तुरंत आपके मोबाइल पर बिल की पीडीएफ राशि सहित आ जाएगी. इसी में 'व्यू एंड पे' तथा 'पे नाऊ' का ऑप्शन दिखेगा. यदि आप पहले बिल देखना चाहते हैं तो 'व्यू एंड पे' को टच करेंगे. यदि आपको राशि देखकर उसे जमा करना है तो 'पे नाऊ' को टच करना होगा. जैसे ही आप 'पे नाऊ' को टच करेंगे तो आपसे भुगतान के विकल्प पूछे जाएंगे। इसमें आपको पे ऑन वाट्सएप, गूगल पे, फोन पे, पेटीएम सहित अन्य यूपीआई एप्स के ऑप्शन दिखेंगे. यहां पर जिस विकल्प से आपको पेमेंट करना है उसे चयन कर 'कांटीन्यू' कर देंगे तो आपके वैलेट से पैमेंट की प्रक्रिया पूरी होगी और तत्पश्चात मोबाइल पर ही रसीद प्राप्त हो जाएगी.

# 5 डिग्री पहुंचा पारा

# जिला प्रदेश में सबसे ठण्डा



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 17 नवंबर, का. सोमवार को न्यूनतम तापमान में और गिरावट होते हुए जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री पर जा पहुंचा जो कि प्रदेश में सबसे कम तापमान रहा. जिले में नवम्बर माह में ही न्यूनतम तापमान में रिकार्ड गिरावट सामने आई है.**

विदित है कि नवम्बर माह के दूसरे पखवाड़े में इतना अधिक तापमान गिरना वर्षो बाद देखा जा रहा है. रविवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री पर रहा जो सोमवार एक डिग्री और गिरते हुए 5 डिग्री पर जा पहुंचा जो कि प्रदेश के सबसे कम तापमान वाले पांच जिलो में सबसे कम तापमान वाला रहा. सर्द हवाओं के साथ ठंड के प्रकोप ने कंपकंपा दिया. विदित है कि 15 नवम्बर को न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री, 16 को 6 डिग्री तथा 17 नवम्बर को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री रहा. मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को को इस सीजन का सबसे कम तापमान रहा. वर्षो बाद नवम्बर माह के दूसरे पखवाड़े में इतना कम तापमान पहुंचा है.

आसमान साफ, हवाओं की गति हुई तेज

एकाएक न्यूनतम तापमान में गिरावट होने के पीछे मौसम विभाग का कहना है कि आसमान साफ होने तथा उत्तर, पूर्व से आ रही हवाओं की गति तेज होने से न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरु हुआ है. मौसम विभाग भोपाल के एस.एस. तोमर के अनुसार उत्तर, पूर्व से हवाओं की गति तेज हुई है. आसमान साफ होते ही तापमान में गिरावट आयी है.

## प्रदेश के पांच सबसे कम तापमान वाले जिले

17 नवम्बर को प्रदेश के सबसे कम तापमान वाले जिलो में राजगढ़ जिले में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री रहा. इसके बाद दूसरे नम्बर पर भोपाल 5 .2 डिग्री, शाजापुर जिले का गिरवर में 5 .4 डिग्री, शहडोल जिले के कल्याणपुर में 6 .1 डिग्री तथा सीहोर में न्यूनतम तापमान 6 .8 डिग्री रहा.

### सुबह स्कूल अब 9 बजे से

जिले में ठंड के बढ़ते प्रकोप के चलते जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में कक्षा नर्सरी से 8 वीं तक की कक्षाओं का समय सुबह 9 बजे के बाद कर दिया गया है. इस आशय के आदेश जिला प्रशासन ने जारी कर दिए है. आदेश में कहा है कि तापमान में गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से जिले की कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक की सभी शासकीय, अशासकीय सीबीएसई, आईसीएसई सहित समस्त प्रकार की शैक्षणिक संस्थाएं प्रातः 9 बजे से पहले संचालित नहीं की जाएगी.

### दिन भर रहा ठंड का प्रभाव

सोमवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री पर पहुंचने के साथ ही ठंड का प्रकोप भी काफी रहा. दिन भर काफी ठंडक भरा वातावरण रहा. दिन में धूप निकलने के दौरान भी ठंड का प्रभाव बराबर बना रहा. शाम होते ही ठंड का प्रकोप कहीं अधिक बढ़ गया. गर्म कपड़े व अलाव का सहारा लेना पड़ा. तापमान में गिरावट के साथ ही ठंड के बढ़ते प्रकोप ने बेसहारा गौवंश की परेशानी को और अधिक बढ़ा दिया है.

## सीएमओ की कार को कंटेनर ने मारी टक्कर

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 17 नवम्बर, का.** सोमवार को गुना रोड पर खानपुरा के समीप सारंगपुर सीएमओ की सड़क किनारे खड़ी कार को एक कंटेनर ने टक्कर मार दी. हालांकि दुर्घटन में किसी को कोई चोट नहीं आयी है किंतु कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. पुलिस के अनुसार सारंगपुर नगर पालिका परिषद सीएमओ ज्योति सुनहरे एवं उनके बड़े भाई राजकुमार सुनहरे सोमवार सुबह अपने गुना स्थित घर से सारंगपुर कार द्वारा जा रहे थे. खानपुरा के यहां यह एक होटल पर नाश्ता करने के लिए रुके. कार को सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया तभी पीछे की ओर से आ रहे एक कंटेनर ने कार में जोर की टक्कर मार दी. कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. घटना के बाद कंटेनर चालक मौके पर से फरार हो गया. जानकारी मिलने पर सिटी पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस के अनुसार अज्ञात कंटेनर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है. सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान की जा रही है.



## टाईम लाइन के बाद भी 12 शिकायतें पेंडिंग, 250 रुपये का जुर्माना

### सीएम हेल्पालाईन की शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 17 नवम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित कि गईं. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे. बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतो की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी जिला अधिकारी शिकायतों में संतुष्टि पूर्वक जवाब डाले, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें ऑपरेटर्स के भरोसे न छोड़ें. बैठक में उन्होंने ई-ऑफिस पर सभी जिला अधिकारियों को मूमेंट बढ़ाने के निर्देश भी दिए.

बैठक में उन्होंने समय-सीमा लंबित पत्रों की वन टू वन चर्चा की. साथ ही जनपद पंचायतो के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की 12 शिकायतें समय बाद होने पर 250 रूपये प्रति प्रकरण पर जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश भी दिए. डीआर सहकारिता द्वारा समय सीमा प्रकरणों का निराकरण न करने व संतुष्टि पूर्वक जवाब न देने पर कमिश्नर को निलंबित का प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी बैठक में दिए गए. इस अवसर पर बैठक में सभी जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे.



## पानी मोटर और टीवी चोरी के आरोपी माल सहित धराए

**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 17 नवंबर, सं. थाना पुलिस ने बीते दिनों पानी की चोरी गई मोटरों को आरोपियों के साथ धर दबोचा है. पुलिस ने कु ल 1 लाख 30 हजार का माल बरामद किया है. इसमें किसानों की चोरी गई 3 विद्युत मोटर पंप पानी की मोटरें कीमत 60 और 20 हजार सहित 50 हजार की मोटरसाइकिल बरामद की है. पुलिस टीम ने मोटर चोरी करने वाले एक सक्रिय गैंग का पर्दाफाश किया है.**

घटना बीते 13 नवंबर की है. रात्रि के समय रिंकू यादव निवासी कड़ियां मित्रसेन के कुआं से 3 विद्युत पंप कीमती 60 हजार और ग्राम आन्दलहेड़ा पंचायत भवन से चोरी गई टीवी कीमती 20 हजार रूपए चोरी हुई थी. पुलिस ने आरोपियों आनंद पिता रोड सिंह कुशवाह 26साल , जगदीश उर्फ जग्गा पिता नन्नू लाल कुशवाह 25वर्ष निवासी आन्दलहेड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. कार्यवाही में निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान, कैलाश दांगी, राजमल, कमल, सूरज, मुकेश, देवेंद्र दांगी, धर्मेंद्र गुर्जर, बलराम जमरा, राजेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा.

## झपटमार का आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 17 नवंबर, का.** गत 15 नवंबर की रात को को कैलाश दांगी पिता अजयलाल दांगी, उम्र 40 वर्ष, निवासी मोर्चाखेड़ी से ब्यावरा स्थित पानी की टंकी के पास एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन झपटकर लोडिंग वाहन सहित फरार होने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ब्यावरा शहर में अपराध क्रमांक 835/25, धारा 304 क्व्हस में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. घटना के तुरंत बाद थाना प्रभारी ब्यावरा सिटी टीआई वीरेंद्र धाकड़ के नेतृत्व में टीम गठित कर तकनीकी व मानवीय संसाधनों की सहायता से त्वरित कार्रवाई की गई. टीम ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपी गोलू जाटव पिता नारायण सिंह, उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम महावल, कालीपीठ है. इसके पास से फरियादी का मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी39 जी1008 जब्त किया है.

## पर्यावरण प्रहरियों को भेंट किए थर्मस बॉटल

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 17 नवम्बर, का.** कभी जूना ब्यावरा स्थित पुरानी कचहरी की ऊंची अटारियों के बीच लगने वाला प्रशासनिक संकुल अब पुराने शहर को छोड़कर नदिया के पार नई जगह शिफ्ट होने वाला है. पहले तहसील कार्यालय, फिर एसडीएम ऑफिस और अब जनपद कार्यालय. इस तरह नगर का प्रशासनिक अमला अब नदिया के पार बैठेगा. भविष्य में जल्द ही न्यायिक संकुल यानी कोर्ट भी स्थानांतरित हो जाएगी. जनपद कार्यालय करीब 5 करोड़ की लागत से बनेगा और इसका भूमिपूजन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने किया.

सोमवार को ब्यावरा में जनपद पंचायत के नवीन कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने भगवान श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना कर किया. यह महत्वपूर्ण भवन 5 करोड़ 25 लाख 67 हजार रुपए की लागत से ग्राम मोहनीपूरा में निर्मित किया जाएगा, जो जनपद क्षेत्र के प्रशासनिक कार्यों को और अधिक सुचारू एवं सुव्यवस्थित बनाएगा.

## शुभम राजपूत ने गोल्ड मैडल जीता

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 17 नवम्बर, का. खेल एबं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित खेलो इंडिया स्माल सेंटर राजगढ़ के जुडो कोच शुभम राजपूत ने इंदौर में आयोजित सीनियर स्टेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल जीता है.

## पर्यावरण प्रहरियों को भेंट किए थर्मस बॉटल

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 17 नवंबर, सं.** पर्यावरण प्रेमी दल के रजत जयंती समारोह में मुख्य के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ गौतम टेटवाल शामिल हुए. उन्होंने इस दौरान कोरोना की विभीषिका को याद किया. उन्होंने पर्यावरण प्रेमी दल के कार्य की प्रशंसा की. समारोह के विशेष अतिथि के रूप में पंकज ललित पालीवाल, पर्यावरण प्रेमी लक्ष्मी नारायण पाटीदार पनवाड़ी, श्रीमती भावना निलेश वर्मा, उपाध्यक्ष नगर पालिका, ओम राठी समाजसेवी गौशाला सचिव, महेश पुष्पद भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष, मनोरमा सोनी शाजापुर का स्वागत आयोजक समिति ने किया. समिति की ओर से पर्यावरण प्रेमी लक्ष्मीनारायण त्रिकार ने अभिनंदन किया. अध्यक्षता पर्यावरण प्रेमी विष्णु प्रसाद जोशी ने की. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि मंत्री महोदय द्वारा घोषित विधायक निधि से पेवर्स कार्य का एस्टीमेट बनवाकर शीघ्र किया जाएगा. विकास समिति के अशोक साहू के सौजन्य से उपहार स्वरूप थर्मस बॉटल भेट कर सम्मानित किया. संचालन सत्यनारायण शर्मा ने धार्मिक रचना प्रस्तुत कर दिया. नंदकिशोर सोनी ने आभार व्यक्त किया.

## जमींदारी के खिलाफ मुखर थे बिरसा मुण्डा



**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 17 नवंबर, सं.** शासकीय महाविद्यालय में एमएसडब्ल्यू बी एस ब्लू की कक्षा में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा के प्रेरणादायक जीवन चरित्र पर आधारित कार्यक्रम हुआ.

जनजातीय समुदाय के महानायक बिरसा मुंडा के ऐतिहासिक संघर्ष, समाज सुधार और स्वतंत्रता हेतु उनके योगदान को जन-जन तक पहुँचाना था. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संयोजक गिरिराज गुप्ता ने बिरसा मुंडा के जीवन और उनके द्वारा छेड़ी गई उलगुलान (महाविद्रोह) के ऐतिहासिक महत्व को गाँठते हुए बताया कि बिरसा मुंडा ने 19वीं सदी के अंत में अंग्रेज़ों द्वारा लागू की गई जमींदारी और राजस्व प्रथा के खिलाफ आदिवासी अस्मिता, स्वायत्तता और संस्कृति के संरक्षण हेतु लड़ाई छेड़ी थी. कार्यक्रम में बिरसा मुंडा की जीवनी, उनके आदर्श, सामाजिक सुधार की पहल जैसे शराब और सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति के विषय में चर्चा की गई.

कार्यक्रम में जन अभियान परिषद जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पवार ने उपस्थित युवाओं से बिरसा मुंडा के साहस, स्वाभिमान और आत्मगौरव से प्रेरणा लेने तथा समाज में नैतिकता एवं एकता के संदेश को फैलाने का आह्वान किया. समापन में भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 सुधार, शराब निषेध और धार्मिक-धार्मिक अस्मिता को संरक्षित करने में सक्रिय भूमिका निभाई. विकासखंड समन्वयक बीरमसिंह परमार रामचंद्र दांगी आदि मौजूद रहे.


